दिन– गुरुवार दिनांक– 19 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में एक अप्रैल से घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिलेगी। स्लैब सिस्टम को किया गया समाप्त।

02 राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने मीडिया में भ्रामक बयान देने के मामले में हड़ताल पर चल रहे तीन अधिकारियों को निलंबित किया।

03. प्रदेश में रसोई गैस की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई के तहत अब तक चौदह प्राथमिकी दर्ज की गयी।

04. और, चैत्र नवरात्र आज से शुरू। नौ दिवसीय पर्व को लेकर प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल।

.....................................................................

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में एक अप्रैल से घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिलेगी। गांवों की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी एक ही दर पर बिजली देने का फैसला कियागया है। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने स्लैब सिस्टम को समाप्त कर दिया। अब सौ यूनिट से अधिक खर्च पर प्रति यूनिट एक रूपये तिरेपन पैसे तक की बचत होगी। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा मिलती रहेगी।

.....................................................................

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने हड़ताल पर चल रहे तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबन की कार्रवाई हड़ताल को लेकर मीडिया में भ्रामक बयान देने के कारण की गयी है। निलंबित किए गए अधिकारियों में अररिया के अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी जितेंद्र पांडे, पटना सदर के अंचलाधिकारी रजनीकांत और पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन के अंचलाधिकारी आनंद कुमार शामिल हैं। निलंबन अवधि में इन सभी का मुख्यालय, आयुक्त कार्यालय– पूर्णिया होगा। यह कार्रवाई बिहार सरकारी सेवा आचार नियमावली के तहत की गई है। निलंबित तीनों अधिकारी हड़ताली संघ के पदधारक हैं।

.....................................................................

प्रदेश में रसोई गैस की कालाबाजारी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बिहार पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारह मार्च से सत्रह मार्च के बीच एलपीजी के अवैध भंडारण और कालाबाजारी के मामले में चौदह प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं, चार सौ उन्नीस सिलेंडर जब्त किये गये हैं। साथ ही कालाबाजारी में

शामिल इक्कीस लोगों की पहचान करते हुये उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इधर, घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वाले पटना जिले के चार रेस्त्रां को सील कर दिया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर इनके संचालकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। इस बीच, पटना जिला प्रशासन ने गैस की कालाबाजारी और अवैध इस्तेमाल को रोकने में नगर निगम के पार्षदों की मदद लेने का फैसला किया है।

.....................................................................

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के दौरान मुंगेर और लखीसराय जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

———साउंड बाईट———

मुंगेर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सत्तासी करोड़ रूप्ये लागत वाली बावन योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे बत्तीस करोड़ रूपये लागत की छब्बीस योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण करेंगे। श्री कुमार जिले में चल रही विभिन्न विकास और कल्याणकारी परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री का जनसंवाद का भी कार्यक्रम है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

इधर, लखीसराय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री दो सौ आठ करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ चौवालीस योजनाओं का शिलान्यास और एक सौ अठारह करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ सत्रह योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

.....................................................................

जदयू के निवर्तमान अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन की अंतिम तारीख बाईस मार्च है। एक से अधिक नामांकन होने पर सत्ताईस मार्च को चुनाव होंगे। यदि एक ही नामांकन हुआ तो नाम वापसी के दिन ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की विधिवत घोषणा कर दी जाएगी।

.....................................................................

बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए हुये चुनाव में मतदान से अनुपस्थित रहने के मामले में कांग्रेस पार्टी ने अपने तीन विधायकों को नोटिस जारी किया है। पार्टी ने वाल्मीकिनगर से विधायक सुरेन्द्र प्रसाद, फारबिसगंज से विधायक मनोज विश्वास और मनिहारी से विधायक मनोहर प्रसाद सिंह को दो दिन में नोटिस का जवाब देने के निर्देश दिये हैं।

..................................................................

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत आम चुनाव–दो हजार छब्बीस की तैयारियां शुरू कर दी है। चुनाव नवंबर – दिसंबर महीने में संभावित है। इस संबंध में आयोग ने जिला स्तर पर पदाधिकारियों की तैनाती का आदेश जारी किया है। प्रत्येक जिले के जिला दंडाधिकारी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है। साथ ही, संबंधित जिले के जिला पंचायत राज पदाधिकारी को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है।

..................................................................

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के चार और बिहार पुलिस सेवा के दो पुलिस पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है। प्रेरणा कुमार को लखीसराय और राजेश कुमार को नवगछिया का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अवधेश दीक्षित को बिहार पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक कार्मिक–एक बनाया गया है।

..................................................................

केन्द्र सरकार ने टोल अनुपालन और डिजिटल प्रर्वतन को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम–दो हजार छब्बीस में संशोधन किया। इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार टोल नहीं चुकाने वाले वाहन मालिकों को अब इलेक्ट्रानिक माध्यम से नोटिस भेजा जायेगा। सूचना का जवाब नहीं देने पर या राशि जमा नहीं करने पर उपयोगकर्ताओं को दोगुना टोल शुल्क देना होगा।

..................................................................

चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गये हैं। नौ दिवसीय पर्व को लेकर प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। कैमूर के मां मुंडेश्वरी धाम, गोपालगंज के थावे दुर्गा मंदिर, पटना सिटी स्थित बड़ी पटन देवी और छोटी पटन देवी मंदिर, मुंगेर के मां चंडिका स्थान, दरभंगा के श्यामा माई मंदिर और सहरसा के महिषी स्थित मां उग्रतारा मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा–अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चैत्र नवरात्र पर प्रदेशासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

..................................................................

ईद का चांद आज दिखने की सम्भावना है। यदि आज चांद दिखता है तो कल ईद मनायी जायेगी। आज चांद नहीं दिखने की स्थिति में ईद शनिवार को मनायी जायेगी। उलेमाओ ने लोगों से इमारत–ए–शरिया और खानका–ए–मुजीबिया में स्थापित कंट्रोल रूम पर चांद दिखने की सूचना देने की अपील की है।

.....................................................................

मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के चोरनियां में पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने बचाव में हवाई फायरिंग की। इस दौरान गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश मिश्रा ने गायघाट के थानाध्यक्ष राजा सिंह को लाइन हाजिर कर घटना की जांच के लिए एसआईटी बनाई है। साथ ही मजिस्ट्रेट जांच की भी अनुशंसा की गई है।

.....................................................................

इंडियन प्रीमियर लीग–आई.पी.एल. के शुरुआती कुछ मैचों में ईशान किशन सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। अभिषेक शर्मा टीम के उप–कप्तान रहेंगे। टीम के नियमित कप्तान पैट कमिंस पूरी तरह फिट होने के बाद कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

.....................................................................

इधर, बीसीए मेन्स अंडर–ट्वेंटी थ्री वनडे ट्रॉफी में कल खेले गये मैचों में शेखपुरा, बेगूसराय, भागलपुर, अररिया, भोजपुर, सीवान और दरभंगा की टीमों ने जीत दर्ज की।

.....................................................................

राजगीर खेल परिसर में एक अप्रैल से बारह अप्रैल तक सोलहवीं राष्ट्रीय पुरुष सब जूनियर हॉकी चैम्पियशिप का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की तीस टीमें हिस्सा लेंगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण ने ये जानकारी दी।

.....................................................................

अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार...

सीवान रेलवे स्टेशन से आरपीएफ की टीम ने दो करोड़ रूपये मूल्य की चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पटना की एक अदालत ने आपसी विवाद में पत्नी की हत्या करने के दोषी पति लक्ष्मण साव को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

गोपालगंज जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के देवापुर जाफर टोला गांव में पोखर में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई।

कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के पुसौली बाजार में युवकों के समूह ने डीजे संचालक की पीट–पीटकर हत्या कर दी। पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमाऱ ने बताया कि इस मामले में चार आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व के मंगुराहा वन क्षेत्र स्थित पंडई नदी के पास से बाघ के शावक का शव मिला है। प्रारंभिक जांच में भूख–प्यास और मां से बिछड़ने को मौत का कारण माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा।

..................................................................

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा की खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा हे– सम्राट के कंधे पर हाथ रख सीएम ने कहा, आगे यही सब काम करेंगे।

प्रभात खबर ने लिखा है– एक अप्रैल से सस्ती बिजली। एक सौ यूनिट ज्यादा खपत पर प्रति यूनिट एक रूपये तिरेपन पैसे तक की होगी बचत।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– इंदौर अग्निकांड–किशनगंज के छह की मौत।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– पार्स गैस क्षेत्र पर हमले से बौखलाया ईरान, सऊदी अरब के तेल क्षेत्रों को बनाया निशाना।

राष्ट्रीय सागर ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है–तैंतीस हजार छह सौ साठ करोड़ की भव्य योजना को मिली मंजूरी।

आज अखबार की सुर्खी है– अब हवाई जहाज में मनपसंद सीट चुन सकेंगे यात्री। नहीं देना होगा कोई अतिरिक्त भुगतान।

..................................................................

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में एक अप्रैल से घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिलेगी। स्लैब सिस्टम को किया गया समाप्त।

02 राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने मीडिया में भ्रामक बयान देने के मामले में हड़ताल पर चल रहे तीन अधिकारियों को निलंबित किया।

03. प्रदेश में रसोई गैस की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई के तहत अब तक चौदह प्राथमिकी दर्ज की गयी।

04. और, चैत्र नवरात्र आज से शुरू। नौ दिवसीय पर्व को लेकर प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।